जूनियर वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप को बबलू चयनित



वुशु चैंपियन बबलू मुंडा का स्वागत करते प्रधानाचार्य प्रफुल्ल कुमार बारिक व अन्य।

संवाद सूत्र, बड़बिल : मोरक्को में होने वाली जूनियर वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप के लिए क्योंझर जिला के जोड़ा प्रखंड के देवझर में जन्मे, बड़बिल यूपी नोडल स्कूल के 9वी कक्षा के छात्र बबलू मुंडा को देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया गया है। गत दो और तीन फरवरी को मेरठ (उप्र) के गॉडविन स्कूल में वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एनुअल कैलेंडर फॉर ट्रेनिंग एंड कंपटिशन (एसीटीसी) की बैठक में आगामी जूनियर वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप, वर्ल्ड तैजीक्वान वुशु चैंपियनशिप, जॉर्जिया इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप और जूनियर वर्ग के अन्य सभी इवेंट के लिए चयन प्रक्रिया बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में बड़बिल के बबलू मुंडा का चयन किया गया है और साथ ही भारत सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स भारतीय खेल प्राधिकरण के अंतर्गत खेलो इंडिया के लिए प्रशिक्षण हेतु बबलू मुंडा समेत क्षेत्र के अन्य तीन जूनियर वुशु खिलाड़ी गुरुचरण मुंडा, प्रेम मुंडा और कृष्णा खंडाइत का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया से वापस बड़बिल लौटने पर बड़बिल रेलवे स्टेशन पर कोच पंकज कुमार महंतो सहित चयनित अभ्यर्थियों का यूपी नोडल विद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य प्रफुल्ल कुमार बारिक एवं नगर के उत्साहित क्रीडा प्रेमियों ने जोरदार स्वागत किया।